## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 31.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 31.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

(3). आज दिनांक 31.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में थानों पर नियुक्त साइबर हेल्प डेस्क के कर्मचारियों के कार्यों का मूल्यांकन कर डीजी परिपत्र संख्या 32 में दिये गये निर्देशों के सम्बन्ध में बताया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डीजी परिपत्र संख्या 32 में दिये गये निर्देश 1.वित्तीय अपराध सम्बन्धित शिकायतें जिसमें गम्भीर संज्ञेय अपराध,प्रकाश में आए गैंग्स, कॉल सेन्टर्स से संगठित अपराध,धनराशि का फ्राड, 2.सोशल मीडिया अपराध सम्बन्धित शिकायतें आपत्तिजनक कन्टेन्ट,फर्जी वेबसाइट,फर्जी लिंक 3.विविध व गैर साइबर अपराध सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त होने पर साइबर पीड़ितों को यथाशीघ्र राहत प्रदान करें। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराध से सम्बन्धित रजिस्टरों का अवलोकन किया गया साथ ही समस्त कर्मियों को थाना स्थित साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों को दर्ज करने एवं हेल्प डेस्क पर उपलब्ध रजिस्टर, शिकायतों के निस्तारण की स्थिति एवं प्राप्त प्रकरणों के अद्यतन अभिलेखों के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में थाना राजापुर की दो पुलिस टीमों द्वारा कुल 07 अभियुक्तों को जुला खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।
उ0नि0 श्री नरेन्द्र यादव मय हमराह आरक्षी शुभम मिश्रा,आरक्षी विमलेश कुमार व आरक्षी राघवेन्द्र द्वारा अभियुक्त 1. हरि चन्द्र पुत्र रामकृपाल उम्र करीब 47 वर्ष 2. राधेश्याम पुत्र कैरा उम्र करीब 35 वर्ष 3. अंशू रैदास पुत्र रामसजीवन उम्र करीब 22 वर्ष 4. मुनेश कुमार पुत्र नत्थूलाल उम्र करीब 40 वर्ष निवासीगण बरगदी पुरवा मजरा बेराऊर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से माल फड 1020 रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 500/- रुपये बरामद किये गये।
उ0नि0 श्री रमेश चन्द्र मय हमराह आरक्षी चंदन विश्वकर्मा,आरक्षी अजय मिश्रा व आरक्षी शाकिर अली द्वारा अभियुक्त 1.अमित कुमार उर्फ अशोक पुत्र दुर्गा प्रसाद उम्र 25 वर्ष 2.लवलेश पुत्र रामनाथ उम्र 50 वर्ष 3.रमेश प्रजापति पुत्र पप्पू उम्र 24 वर्ष निवासीगण बरगदी का पुरवा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से माल फड 950 रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से कुल 430/- रुपये बरामद किये गये। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

(5). आज दिनाँक 31.08.2025 को पुलिस लाइन स्थित गेस्ट हाउस में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी नगर/पुलिस लाइन्स श्री अरविन्द कुमार वर्मा की उपस्थिति में पुलिस विभाग में अपनी सेवा देकर अधिवर्षता पूर्ण करने वाले उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री हरिवंश सिंह की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को हल्का नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सेवानिवृत हो रहे उपनिरीक्षक से कहा गया कि वह घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें,जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक बनी रहें। आपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है, मैं समस्त पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की मनोकामना करता हूं।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव, प्रधान लिपिक श्री अनिल मोहन शुक्ला अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस द्वारा 09 वाण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

(I). उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी सीतापुर मय हमराह आरक्षी शिवम मिश्रा, आरक्षी रविन्द्र राठौर व आरक्षी रावेन्द्र द्वारा 1. मु0नं0 575/2018 मु0अ0सं0 148/18 धारा 60 आबकारी अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त लक्ष्मण निषाद पुत्र महेश प्रसाद निवासी बहादुरपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 2.मु0नं0 86/2021 मु0अ0सं0 488/2020 धारा 363,366,376 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त मनीष जोशी पुत्र जनार्दन उर्फ जनादीन निवासी तीर्थराजपुरी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 3.मु0नं0 3106/15 अ0सं0 325/15 धारा 279,337,338,304ए,427 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त रामरतन कुशवाहा पुत्र बाल गोविन्द निवासी राघवपुरी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(II). उ0नि0 राजेश चौरसिया चौकी सीतापुर मय हमराह आरक्षी आशीष कुमार द्वारा मु0नं0 492/19 अ0सं0 1143/17 धारा 279,337,338 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त भइया पुत्र मेदनी प्रसाद निवासी भगनपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(III). उ0नि0 श्री वंशनारायण सिंह थाना मऊ मय हमराह आरक्षी विवेक कुमार द्वारा केश नं0 347/2023 मुअ0सं0 60/2023 धारा 323/504 भा0द0वि0 व 3(1) द0ध0 एससी/एसटी एक्ट के वारण्टी अभियुक्त हासिम अली उर्फ छोटे पुत्र रज्जब अली निवासी सोनार गली कस्बा व थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया ।

(IV). उ0नि0 श्री अजहर जमाल थाना सरधुवा मय हमराह आरक्षी सालिगराम, आरक्षी सुजीत यादव व होमगार्ड शारदा प्रासद द्वारा मु0नं0 193/2017 धारा 498ए, 323, 504, 506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त बउरा उर्फ इन्द्रनारायण पुत्र रामचन्द्र निवासी कुचौली थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया ।

(V). उ0नि0 श्री जंगबहादुर थाना पहाड़ी मय हमराह मुख्य आरक्षी सौरभ कुमार व महिला आरक्षी स्वाती राजावत द्वारा मु0नं0 303/2021 मु0अ0सं0 64/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के वारण्टी अभियुक्त कुन्नू आरख उर्फ सरदार पुत्र रामकृपाल निवासी ग्राम चौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया ।

(VI). उ0नि0 श्री सुभाष राम थाना रैपुरा मय हमराह आरक्षी सूरज कुमार निर्मल व आरक्षी चालक राघवेन्द्र राजपूत द्वारा मु0नं0 481/2019 मु0अ0सं0 485/2011 धारा 325,323,504 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त राजेन्द्र सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी नोनमई थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया ।

(VII).उ0नि0 श्री रमेश चन्द्र तिवारी मय हमराह आरक्षी शाकिर अली द्वारा केश नं0 181/20 अ0सं0 53/20 धारा 323/504/336 भा0द0वि0 व 3(1)ध0 एससी/एसटी एक्ट के वारण्टी सर्वेश पुत्र रामचन्द्र केवट निवासी ग्राम कनकोटा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।